एक नजर....

96 साल की उम्र में पेंशन के लिए दर-दर की ठोकरें

गरली। गांव थाना बरग्रां के 96 वर्षीय भगवान दास शर्मा ने आरोप लगाया है कि पिछले पांच महीनों से उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिली है। करीब 25 वर्षों से पेंशन प्राप्त कर रहे भगवान दास का कहना है कि अब यही राशि उनकी दवाइयों, राशन और दैनिक जरूरतों का मुख्य सहारा है। उन्होंने प्रशासन से लंबित पेंशन जल्द जारी करने की मांग की है। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने भी जांच कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

अब आसान होगा सफर, कोहला में नए पुल का उद्घाटन

कांगड़ा। कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव कोहला के टीका खोपा में नवनिर्मित पुल का उद्घाटन पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू ने किया। उन्होंने कहा कि पुल बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुल निर्माण को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए खुशी जताई।

रात्रि गश्त बढ़ाए पुलिस, चोरी की घटनाओं पर लगे रोक

पंचरुखी। समाजसेवी एवं किसान नेता मनजीत डोगरा ने जिला कांगड़ा में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उन्होंने भरवाना पंचायत के भुआना गांव में एक घर से करीब 9 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी वारदातों से लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की।

नए सत्र से पहले छात्रों को मिला सफलता का मंत्र

डमटाल। मिनर्वा पीजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स में 3 से 5 अगस्त तक नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति-2020, विषय चयन, परीक्षा प्रणाली, छात्रवृत्ति, अनुशासन और एंटी-रैगिंग नियमों की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने पाठ्यक्रम और महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। समापन पर विद्यार्थियों ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत सकारात्मक सोच और अनुशासन के साथ करने का संकल्प लिया।

पंचरुखी में शुरू हुआ डिजिटल फसल सर्वेक्षण

पंचरुखी। कृषि विभाग पंचरुखी के तहत भारत सरकार के एग्रीस्टैक अभियान के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है। मोबाइल ऐप और सैटेलाइट तकनीक से फसलों और सिंचाई के साधनों का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. नागेंद्र नाग ने किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों से सर्वे टीम का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों के पास विभागीय पहचान पत्र और अधिकृत जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस सर्वे से किसानों को सरकारी योजनाओं, फसल बीमा और कृषि ऋण का लाभ अधिक पारदर्शी ढंग से मिल सकेगा।

बदहाली की मार झेल रहा पंचरुखी रेलवे स्टेशन

पंचरुखी। वर्ष 1929 में बने ऐतिहासिक कांगड़ा घाटी रेलवे मार्ग के पंचरुखी रेलवे स्टेशन की हालत बदहाल बनी हुई है। स्टेशन परिसर में झाड़ियां, गंदगी और शौचालयों की सफाई के लिए कर्मचारियों की कमी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की व्यवस्था होने के बावजूद शौचालयों की नियमित सफाई नहीं हो रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि हजारों यात्रियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के बावजूद स्टेशन का आज तक आधुनिकीकरण नहीं हो पाया है।

पीएफ वेज लिमिट 25 नहीं, 35 हजार करो

धीरा। ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र सिंह रवि ने केंद्र सरकार से प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की वेज लिमिट 25 हजार रुपये के बजाय 35 हजार रुपये करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 12 वर्षों बाद प्रस्तावित बढ़ोतरी महंगाई और मौजूदा वेतनमान के अनुरूप नहीं है। उनका आरोप है कि कम वेज लिमिट का फायदा कंपनियां उठाती हैं, जिससे लाखों मजदूर पीएफ जैसी सामाजिक सुरक्षा योजना से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सरकार से मजदूर हित में वेज लिमिट बढ़ाने की अपील की।

विद्युत बोर्ड कर्मचारियों के लिए ओपीएस की मांग तेज

जवाली। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत कर्मचारी यूनियन और विद्युत पेंशनर फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भवानी सिंह पठानिया के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर एचपीएसईबीएल कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि विद्युत बोर्ड कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में सेवाएं दे रहे हैं, इसलिए उन्हें भी अन्य सरकारी कर्मचारियों की तरह ओपीएस का लाभ मिलना चाहिए।

सरकार के फैसले का आईएमसी अध्यक्ष ने किया स्वागत

शाहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर की आईएमसी के अध्यक्ष इंजीनियर सुरजीत राणा ने प्रदेश सरकार द्वारा आईटीआई प्रशिक्षकों को अनुबंध आधार पर नियुक्ति देने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे प्रशिक्षकों को सुरक्षा और सम्मान मिलेगा तथा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को मजबूती मिलेगी।

डाडासीबा बाजार में कोबरा मिलने से हड़कंप

गरली। डाडासीबा बाजार में बुधवार सुबह एक करियाना दुकान में जहरीला काला कोबरा मिलने से हड़कंप मच गया। चनौर निवासी दुकानदार बंटी ने शटर खोलते ही कोबरा को देखा और तुरंत बाहर निकलकर लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने सुरक्षित तरीके से सांप को बाहर निकाला। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बरसात के मौसम में सांपों के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों से घर और दुकान खोलने से पहले सावधानी बरतने की अपील की गई है।

धर्मशाला में रेस्तरां के किचन में आग

धुआं उठते ही मची अफरा-तफरी, आग लगने के कारणों की जांच शुरू

स्टाफ रिपोर्टर - धर्मशाला

धर्मशाला शहर के पुलिस थाना के समीप बाबा साहेब अंबेडकर चौक स्थित श्यामनगर-रामनगर मार्ग पर बुधवार दोपहर एक रेस्तरां के किचन में अचानक आग भड़क गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, और इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा और भारी नुकसान टल गया। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि रेस्तरां में पांच हज़ार के करीब नुक्सान का आरंभिक आकलन बताया जा रहा है। दमकल अधिकारी धर्मशाला राजेश गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और किचन में लगी आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण किचन क्षेत्र में उत्पन्न हुई तकनीकी गड़बड़ी अथवा गैस संबंधी कारण माना जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने होटल एवं रेस्तरां संचालकों से गैस पाइपलाइन, विद्युत उपकरणों और अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था की नियमित जांच कराने तथा आग से बचाव के सभी आवश्यक उपाय अपनाने की अपील की।

धर्मशाला: आग से सामान हुआ राख

किसानों से लेकर युवाओं तक, सरकार की योजनाओं को लेकर निशु मोंगरा ने गिनाई उपलब्धियां

जिला संवाददाता-कांगड़ा

'आपका सेवक, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत एपीएमसी जिला कांगड़ा के अध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र निशु मोंगरा ने गांव चतरा का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। गांव पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने 100 से अधिक जनसमस्याएं सुनीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों के पास कार्रवाई के लिए भेजा गया। निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में 'आपका सेवक, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पैदल गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से सीधा संवाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, रोजगार और अन्य जनहित के मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एपीएमसी जिला कांगड़ा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

बच्चे की लंबाई कम है तो न करें इंतजार, समय पर करवाएं जांच

स्टाफ रिपोर्टर -टांडा

हिमाचल प्रदेश अपनी स्वस्थ और महानगरीय जीवनशैली के लिए जाना जाता है, लेकिन बदलती दिनचर्या अब बच्चों की शारीरिक वृद्धि पर असर डाल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मोबाइल, टीवी और अन्य स्क्रीन पर बढ़ता समय, जंक फूड का अधिक सेवन, कम शारीरिक गतिविधि, अनियमित नींद और मानसिक तनाव बच्चों की सामान्य लंबाई और विकास को प्रभावित कर रहे हैं। टांडा मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि बच्चे की लंबाई केवल माता-पिता के कद पर निर्भर नहीं करती। संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, मानसिक स्वास्थ्य और हार्मोन का संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छोटा कद कई बार थायरॉइड रोग, ग्रोथ हार्मोन की कमी, कुपोषण, यौवन में देरी, जन्मजात या आनुवंशिक बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। समय पर जांच और उपचार से अधिकांश बच्चे अपनी संभावित लंबाई के करीब पहुंच सकते हैं। डॉ. गुप्ता ने अभिभावकों से अपील की कि यदि बच्चे की लंबाई उसकी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में कम है या वृद्धि की गति धीमी है, तो किशोरावस्था का इंतजार न करें।

माइक्रोप्लास्टिक से मिट्टी की सेहत पर मंडराया खतरा

गरली। जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर की शोधकर्ता डॉ. आकांक्षा राणा के अध्ययन में सामने आया है कि कृषि भूमि में बढ़ते माइक्रोप्लास्टिक से मिट्टी की उर्वरता, जैविक सक्रियता और फसलों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शोध में यह भी बताया गया कि एजोटोबैक्टर, फॉस्फेट सॉल्यूबिलाइजिंग बैक्टीरिया और आर्बस्कुलर माइकोराइजा फंगी (ख्न्न) जैसे लाभकारी सूक्ष्मजीव मिट्टी की गुणवत्ता और फसल उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मृदा संरक्षण, जैव उर्वरकों के उपयोग और प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर दिया।

हिमाचल मॉडल से सीखेंगे श्रीलंका और नेपाल, पालमपुर-हमीरपुर में होगा अध्ययन

कार्यालय संवाददाता-पालमपुर

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की श्रमिक हितैषी योजनाओं को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलने लगी है। प्रदेश इंटक के महासचिव एवं जिला कांगड़ा इंटक अध्यक्ष संजय सैनी ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड की कार्यप्रणाली और श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस प्रस्तुति को विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने सराहा और हिमाचल मॉडल को श्रमिक कल्याण का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने बताया कि इसी के परिणामस्वरूप 5 से 8 अक्तूबर तक श्रीलंका और नेपाल का एक उच्चस्तरीय सरकारी प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश का दौरा करेगा। दौरे के दौरान 5 और 6 अक्तूबर को पालमपुर में आयोजित विशेष बैठक में श्रमिक पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, मातृत्व, विवाह सहायता, पेंशन और आवास योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। इसके बाद 7 और 8 अक्तूबर को प्रतिनिधिमंडल हमीरपुर स्थित श्रम कल्याण बोर्ड कार्यालय तथा बिलासपुर में निर्माणाधीन रेल परियोजना का दौरा कर श्रमिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों का अध्ययन करेगा।

करोड़ों की बरामदगी ने खोली रिश्तों की सच्चाई की पोल

गरली। रक्कड़ में करोड़ों रुपये की नकदी और जेवरात बरामदगी मामले ने पूरे क्षेत्र में चर्चा छेड़ दी है। पुलिस जांच के अनुसार मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बरामद नकदी, सोना, आभूषण व दस्तावेजों की जांच जारी है। जिस रिश्तेदारी पर भरोसा किया गया, वहीं से कथित तौर पर करोड़ों की संपत्ति पर हाथ साफ करने की साजिश रची गई। पुलिस का कहना है कि मामले की वैज्ञानिक आधार पर पड़ताल की जा रही है और शेष संपत्ति की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। इस घटनाक्रम ने रिश्तों में विश्वास और पारिवारिक मूल्यों को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुनीत मल्ली बोले, भाजपा का धरना राजनीतिक हताशा का प्रदर्शन

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ली ने राजधानी शिमला में बुधवार को भाजपा द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को राजनीतिक हताशा का प्रदर्शन बताया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने अपने शासनकाल में प्रदेश को कर्ज, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अव्यवस्था की विरासत दी, उसे कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बुधवार को जारी बयान में पुनीत मल्ली ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को लोकतंत्र की नहीं, बल्कि सत्ता से बाहर रहने की बेचैनी है। इसी कारण विपक्ष हर मुद्दे पर भ्रम फैलाने और राजनीतिक शोर मचाने का प्रयास कर रहा है। मल्ली ने कहा कि भाजपा को यह भी बताना चाहिए कि उसके कार्यकाल में कितने संस्थान बिना पर्याप्त बजट और स्टाफ के केवल राजनीतिक लाभ के लिए खोले गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ऐसे फैसलों की समीक्षा कर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारीपूर्ण कदम उठाए हैं।

सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र को दबा रही प्रदेश सरकार

दिव्य हिमाचल टीम-पालमपुर, सुलाह

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार ने शिमला में भाजपा विधायक दल के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन को प्रदेश की जनता के आक्रोश की आवाज बताते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी कर रही है और झूठे मुकदमे दर्ज कर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा न कभी डरी है, न झुकी है और न ही झुकेगी। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आर्थिक सहायता, किसानों-बागवानों को राहत और कर्मचारियों से कई वादे किए थे, लेकिन सरकार इन वादों को पूरा करने में विफल रही है। उनके अनुसार आज बेरोजगार युवा, किसान, बागवान और महिलाएं अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जबकि प्रदेश आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

आधी रात को घरों में घुसा पानी

देहरा में उफनते नालों ने मचाई तबाही, घर-दुकानों में डेढ़ फुट तक भरा पानी

स्टाफ रिपोर्टर-गरली

देहरा उपमंडल में मंगलवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने कुछ ही घंटों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। ढलियारा, नैहरनपुखर, हरमिट्टा और गरली सहित कई क्षेत्रों में बरसाती नालों के उफान और सड़कों पर तेज बहाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज बहाव के साथ आए पानी, कीचड़ और मलबे ने कई घरों, दुकानों और गौशालाओं में करीब डेढ़ फुट तक प्रवेश कर लिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आधी रात के बाद अचानक घरों में पानी घुसने से लोग नींद से जाग गए। परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ-साथ घरेलू सामान, राशन, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बचाने का प्रयास किया। कई दुकानदार पूरी रात अपने प्रतिष्ठानों से पानी और कीचड़ निकालने में जुटे रहे, जबकि पशुपालकों ने गौशालाओं में घुसे पानी के बीच मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए कड़ी मशक्कत की। बुधवार सुबह बारिश थमने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में चारों ओर कीचड़, मलबा और बिखरा सामान नजर आया। कई घरों और दुकानों में रखा कीमती सामान खराब हो गया, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रभावित परिवारों ने बताया कि पूरी रात भय और अनिश्चितता के माहौल में गुजरी और हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। स्थानीय लोगों ने बरसाती नालों की समय पर सफाई न होने और कमजोर जल निकासी व्यवस्था को इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया।

पेंशनर्ज संघ खंड राजा का तालाब की बैठक स्थगित

राजा का तालाब। जिला कांगड़ा पेंशनर्ज संघ खंड राजा का तालाब की 7 अगस्त को आयोजित होने वाली मासिक बैठक किसी कारणवश स्थगित कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी संघ के पदाधिकारी शादी लाल शर्मा ने दी।उन्होंने बताया कि उक्त बैठक अब सितंबर माह के प्रथम रविवार को आयोजित की जाएगी।

मन का सावन

मन का सावन रोज बरस के,
करता यही पुकार।
नफरत छोड़ो मिलों प्रेम से, हर
आंगन अरु द्वार।
बूंद नेह की गिरती जब जब, मांगे
यही हिसाब।
सच्च में कहीं खो हमनें दी, भावों
भरी किताब।
कदर नहीं हैं करें किसी की, भाषा
भूली प्यार।
मन का सावन रोज बरस के,
करता यही पुकार।
मन का सावन मन के भीतर, घुट
घुट रोता आज।
दुखी लाल से मात पिता हैं, होता
जिन पर नाज़।
गले मिलें जब सावन बरसे, नहीं
रहा सत्कार।
मन का सावन रोज बरस के,
करता यही पुकार।
मन का सावन खुशियां लाए, आज
सभी हैं शांत।
पढ़ें लिखे बेकार फिरे हैं, जीवन है
एकांत।
नहीं नौकरी नहीं मंगनी, बिन शादी
बेकार।
मन का सावन रोज बरस के,
करता यही पुकार।
लूट पाट जग में है इतना, द्वेष वैर
की आग।
अहंकार में पड़े सभी हैं, अपने
अपने राग।
सावन की बूंदों से सीखो, नहीं करें
तकरार।
मन का सावन रोज बरस के,
करता यही पुकार।

शिव राज सन्याल
जवाली

एक नजर....

नगरोटा बगवां शाखा ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नगरोटा बगवां। भारत विकास परिषद शाखा नगरोटा बगवां की मासिक बैठक प्रधान आर. धीमान की अध्यक्षता में होटल योगेंद्र में आयोजित हुई। बैठक में दिवंगत सदस्य जनरल बी.एन. शर्मा को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो नए सदस्यों हेमलता और रीता राजपाल का स्वागत किया गया। शाखा ने 20 अगस्त को बालू मोक्षधाम में पौधरोपण अभियान चलाने और 31 अगस्त को होने वाली 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सदस्यों को विभिन्न स्कूलों में पुस्तकों के वितरण की जिम्मेदारी सौंपी।

सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बैजनाथ। विधायक किशोरी लाल ने पंतेहड़-घिरथोली सड़क पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों और समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते स्थानीय लोगों की मांग पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

चड़ी बाजार की बंद पुलिया खुली, अब मिलेगी राहत

रैत, शाहपुर। शाहपुर विधानसभा के चड़ी मुख्य बाजार में लंबे समय से बंद पड़ी पुलिया को लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी की मदद से साफ करवा दिया। पुलिया और नालियों से मलबा हटाकर पानी की निकासी सुचारू की गई, जिससे बारिश के दौरान जलभराव और लोगों की आवाजाही की समस्या दूर होगी। स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया के निर्देश पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कैंप रोड और धर्मशाला रोड की नालियों की भी सफाई करवाई।

किताबों की आपूर्ति को लेकर शिक्षा बोर्ड के समक्ष उठेंगी समस्याएं

मूहल। हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक देहरा के समीप पैरामाउंट पब्लिक स्कूल, पाइसा में आयोजित हुई। बैठक में करीब 50 निजी स्कूल संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किताबों की उपलब्धता और बिक्री से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि इन मुद्दों को लेकर जल्द ही स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव से मुलाकात कर समाधान की मांग की जाएगी।

प्रधानाचार्यों की कमी से प्रभावित हो रही पढ़ाई

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा ने राज्य सरकार से स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध करीब 400 विद्यालयों में रिक्त प्रधानाचार्य पद जल्द भरने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्रधानाचार्यों की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक माहौल और विद्यालयों का संचालन प्रभावित हो रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जबकि राज्य बोर्ड के स्कूलों की अनदेखी हो रही है।हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, मुख्य संरक्षक राकेश भढ़वाल, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार एवं रमेश ठाकुर जिला संरक्षक गुरमेल राणा, धीरज व्यास, समस्त उपमंडल अध्यक्षों एवं सचिवों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए।

देहरा पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार

देहरा गोपीपुर। पुलिस जिला देहरा पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की त्रैमासिक बैठक जिला प्रधान प्यारे लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। बाद में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवदीप सिंह से मुलाकात कर पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराया। एएसपी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान और पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया। बैठक में सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर गुरदीप सिंह, सुभाष चंद, हरनाम सिंह तथा सेवानिवृत्त एसआई कश्मीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सेवानिवृत्त एसआई कुलवंत सिंह, ओंकार चंद, सेवानिवृत्त एएसआई अशोक कुमार तथा सेवानिवृत्त हेड कांस्टेबल रमेश कुमार और सतीश कुमार को उपाध्यक्ष, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर चुन्नीलाल को संयुक्त सचिव, सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर स्वर्ण सिंह को मुख्य सलाहकार तथा सेवानिवृत्त एसआई होशियार सिंह को सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कांग्रेस एसटी प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

शाहपुर। कांग्रेस अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रकोष्ठ की बैठक कैप्टन बाली राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनहित के मुद्दों और शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने विधायक केवल सिंह पठानिया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पुहाड़ा हादसे में दिवंगत पवन कुमार के परिवार की सहायता के लिए उनकी बेटी की शिक्षा हेतु 50 हजार रुपये दिए हैं तथा अन्य दो बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा भी उठाया है। बैठक में जनसंपर्क अभियान और जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय: एस.सी.ओ. 19, द्वितीय तल, डी-ब्लॉक, रणजीत एवेन्यू, अमृतसर,
ई-मेल: recovery.amritsar@bankofbaroda.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

चल संपत्तियों हेतु बिक्री सूचना ''अनुलग्नक-IV-ए [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) और 9 के प्रावधान को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन चल/अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणी, मोर्टगेजर एवं गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित चल/अचल संपत्तियों का बैंक ऑफ बड़ौदा, सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी निम्न वर्णित खातों में देय राशि की वसूली हेतु ''जैसा है, जहां है, जो है जैसा है तथा जहां है जैसा के आधार'' पर बिक्री की जाएगी। ऋणी, मोर्टगेजर एवं गारंटर/सिक्योर्ड परिसंपत्तियों/देय/आरक्षित कीमत/ईएमडी/बोली वृद्धि राशि एवं ई-नीलामी की तिथि एवं समय का विवरण निम्नानुसार है:-

ईएमडी भुगतान की विधि: एनईएफटी

शाखा/ऋणी/गारंटर/मोर्टगेजर का नाम एवं पता	चल परिसंपत्ति का विवरण/कब्जे की स्थिति (संरचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि / कुल देय राशि	ई-नीलामी की तिथि / ई-नीलामी का समय / प्रारंभिक समय से अंतिम समय	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय
पठानकोट मेन शाखा					
मेसर्स सिल्वर सीड कंज्यूमर केयर प्रा.लि., पंजीकृत कार्यालय प्लाट सं. 81, औद्योगिक क्षेत्र, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176402 और **गारंटर:** (i) श्री रोहित जग्गी पुत्र श्री अरुण कुमार जग्गी, (ii) श्री विवेक जग्गी पुत्र श्री अरुण कुमार, (iii) श्रीमती संपदा जग्गी पत्नी श्री विवेक जग्गी, सभी निवासी मकान सं. 180, समीप वाटर सप्लाई, तहसील पठानकोट, पंजाब 145024	(i) मेसर्स सिल्वर सीड कंज्यूमर केयर प्रा.लि. के खाते में हाईपोथिकेट्ड लोन एग्रीमेंट दिनांक 30.03.2023 के अंतर्गत मौजूदा एवं आगामी दोनों के साथ प्लांट एवं मशीनरी, सीईआरएसएआई आईडी 400070670513 (भौतिक कब्जा)	18-05-2026 / रु. 72,67,134.83 +ब्याज अन्य प्रभार और वसूली को कम करके, यदि कोई प्रभावित तिथि तक की गई।	14.09.2026 को अप. 02.00 बजे से सायं 06.00 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों सहित)	Rs. 17,77,350/- / Rs. 1,77,735/- / Rs. 10,000/-	02.09.2026 को पूर्व अनुमति प्राप्ति करके

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अधीन सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की बिक्